भारतीय पर्यटन एवं यात्रा प्रबंध संस्थान, मुख्यालय - ग्वालियर से संचालित

# दैनिक पर्यटन समाचार

IITTM पर्यटन शिक्षा संस्कृति रक्षा



**"समय की सीमा जानने का एक ही तरीका है, असंभव से भी आगे निकल जाना...!"**

## *पर्यटन प्रमुख समाचार संक्षेप – अंतर्राष्ट्रीय*

**रैडिसन ने बीजिंग डैक्सिंग अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर नए होटल पर हस्ताक्षर किए:** रैडिसन की बीजिंग डैक्सिंग अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर नया रैडिसन होटल खोलने की योजना है। रैडिसन होटल बीजिंग डैक्सिंग एयरपोर्ट के 2022 में खुलने की संभावना है। यह एक आधुनिक और स्टाइलिश अपस्केल होटल है, जो एयरपोर्ट इकोनॉमिक ज़ोन के भीतर स्थित है। होटल पर्यावरण के अनुकूल, मिश्रित उपयोग के विकास का हिस्सा बनेगा। यह बीजिंग शीतकालीन ओलंपिक 2022 के दौरान एथलीटों और उपस्थित लोगों की मेजबानी करने में भी भूमिका निभाएगा।



**"रीस्टार्ट और रिकवरी" पर फोकस करेगा 'आईटीबी बर्लिन 2022':** मार्च 2022 में आईटीबी बर्लिन - द वर्ल्ड्स लीडिंग ट्रैवल ट्रेड शो - इस कार्यक्रम के एक व्यक्तिगत संस्करण की योजना बना रहा है, जिसकी सफलता की कहानी 50 से अधिक वर्षों तक फैली हुई है - जिसमें आभासी तत्वों को जोड़ा जाएगा। वास्तविक आयोजन के दौरान आईटीबी बर्लिन व्यापार, नेटवर्किंग, सामग्री और संवाद के लिए एक मंच प्रदान करेगा, और अपने भौतिक और संकर व्यापार शो स्टैंड के साथ इस आयोजन में सफल भागीदारी के लिए एक सेटिंग तैयार करेगा।

ITB BERLIN | The Leading Travel Industry Think Tank CONVENTION

**जर्मनी का सबसे पुराना पर्यटन मार्ग:** जर्मनी के सबसे पुराने पर्यटन मार्ग की शुरुआत 1927 में हुई थी। गाड़ियों के उस शुरुआती दौर में आल्प्स के दर्रों से हो कर गुजरने का रोमांच था। इस पर्यटन मार्ग का मुख्य आकर्षण अल्पाइन इलाकों की खूबसूरत वादियां हैं। अलगॉय में यह रास्ता इलरटाल घाटी से हो कर गुजरता है। वात्समन पहाड़ इस मार्ग का सबसे ऊंचा आकर्षण है। 2,713 मीटर ऊंचाई पर स्थित यह पहाड़ जर्मनी का तीसरा सबसे ऊंचा पहाड़ है और अपने अनोखे आकार की वजह से सबसे बड़ा भी लगता है।

**कोविड-19 के चलते रद्द करने पर बाध्य 'फॉर्मूला-1 ऑस्ट्रेलियन ग्रैंड प्रिक्स' का आयोजन:** 'फॉर्मूला-1 ऑस्ट्रेलियन ग्रैंड प्रिक्स' और ऑस्ट्रेलियाई मोटोजीपी, वैश्विक महामारी के चल रहे प्रभावों के कारण 2021 में नहीं होंगे। फिलिप आइलैंड में मोटोजीपी 24 अक्टूबर और अल्बर्ट पार्क फॉर्मूला 1 दौड़ 21 नवंबर के लिए निर्धारित की गई थी।



**डब्लूटीटीसी इकोनॉमिक ट्रेंड्स रिपोर्ट से दुनिया भर में यात्रा और पर्यटन पर कोविड-19 के दुष्प्रभाव का पता चलता है:** वर्ल्ड ट्रैवल एंड टूरिज्म काउंसिल (डब्लूटीटीसी) की नई वार्षिक आर्थिक रुझान रिपोर्ट के अनुसार, एशिया प्रशांत क्षेत्र कोविड-19 महामारी से सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र था। इस क्षेत्र में यात्रा और पर्यटन रोजगार में 18.4% की गिरावट आई, जो चौंकाने वाली 34.1 मिलियन नौकरियों के बराबर है। इस गिरावट के बावजूद, एशिया-प्रशांत क्षेत्र के रोजगार के लिए 2020 में सबसे बड़ा क्षेत्र बना रहा, जो सभी वैश्विक यात्रा और पर्यटन नौकरियों का 55% (151 मिलियन) है।

## *पर्यटन प्रमुख समाचार संक्षेप - राष्ट्रीय*

**पर्यटन स्थलों पर हो रहे कोरोना प्रोटोकॉल के उल्लंघन को लेकर स्वास्थ्य मंत्रालय ने दी चेतावनी:** देश में कोरोना वायरस महामारी की दूसरी लहर के कमजोर पड़ने के साथ राज्यों ने लॉकडाउन और पाबंदियां हटाना शुरू कर दिया है। इसके बाद पर्यटन स्थलों पर लोगों की भीड़ जुटना शुरू हो गया है। चौंकाने वाली बात यह है कि लोग वहां खुलेआम कोरोना प्रोटोकॉल का उल्लंघन कर रहे है। इस पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय और भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने चिंता जताई है और बिगड़ते हालातों को देखकर फिर पाबंदियां लागू करने की चेतावनी दी है।

**बीएलएस इंटरनेशनल ने 'इंडियन कॉउन्सिल फॉर कल्चरल रिलेशन्स' (आईसीसीआर) के साथ साझेदारी की:** बीएलएस इंटरनेशनल, सरकारों और नागरिकों के लिए एक विश्वसनीय वैश्विक तकनीक-सक्षम सेवा भागीदार, ने आज घोषणा की कि भारत में आने वाले वीवीआईपी विदेशी प्रतिनिधिमंडलों और विदेशों में जाने वाले भारतीय प्रतिनिधिमंडलों को प्रोटोकॉल सेवाएं प्रदान करने के लिए इसे भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर) के साथ सूचीबद्ध किया गया है। इस साझेदारी के साथ, बीएलएस भारत और दुनिया के बाकी हिस्सों के बीच सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

BLS INTERNATIONAL

**पश्चिम बंगाल - गौतम देव बन सकते हैं पर्यटन विकास बोर्ड के चेयरमैन:** राज्य के पूर्व पर्यटन मंत्री गौतम देव को जल्द ही सिलीगुड़ी नगर निगम प्रशासनिक बोर्ड चेयरमैन के अलावा पर्यटन विभाग में नई जिम्मेदारी मिलने वाली है। सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार आलोक चक्रवर्ती के बाद पूर्व पर्यटन मंत्री गौतम





देव को पर्यटन विकास बोर्ड के चेयरमैन सौंपा जाएगा। मुख्यमंत्री चाहती है कि राज्य विकास में पर्यटन का एक अहम रोल हो। कुछ समय पहले केंद्रीय पर्यटन मंत्री प्रहलाद पटेल ने बंगाल में पर्यटन विकास की असीम संभावनाओं को बताते हुए कहा था कि अगर पर्यटन विकास पर ध्यान दिया जाए तो इसको लेकर बंगाल का चौमुखी विकास होगा।

**हिमाचल प्रदेश पर्यटन निगम ने पर्यटकों के लिए जारी किए टूर पैकेज:** पहाड़ों की रानी शिमला आ रहे पर्यटकों को आसपास के पर्यटन स्थलों की सैर करवाने के लिए प्रदेश पर्यटन विकास निगम (एचपीटीडीसी) ने स्पेशल डीलक्स बसों का संचालन शुरू कर दिया है। रोजाना पर्यटन निगम की 4 बसें सैलानियों को शिमला के आसपास के टूरिस्ट प्वाइंटों की सैर करवाएगी। पर्यटन निगम की बसों में सैलानी कुफरी, नालदेहरा, नारकंडा, चायल और तत्तापानी की सैर कर सकते हैं। पर्यटक इन बसों में ऑनलाइन भी सीटें बुक करवा सकते हैं। एचपीटीडीसी की वेबसाइट पर सीटें बुक की जा सकती हैं।

**होटल के बजाय होमस्टे में ठहरे हिमाचल आए बड़ी संख्या में सैलानी:** कोरोना काल में लॉकडाउन व यात्रा प्रतिबंधों के खत्म होने के बाद हिमाचल आ रहे सैलानी शहरों के बड़े होटलों के स्थान पर बाहरी इलाकों के होमस्टे में ठहरने को तवज्जो दे रहे हैं। बीते तीन वीकेंड के दौरान हिमाचल के विभिन्न पर्यटन स्थलों पर पहुंचे सैलानियों में से 70 फीसदी ने ठहरने के लिए होमस्टे को चुना। कोरोना के खतरे के बीच सैलानी होटलों की अपेक्षा होमस्टे में ठहरना अधिक सुरक्षित मान रहे हैं।

**विस्तारा ने भारतीय राजधानी दिल्ली से टोक्यो हानेडा के लिए उड़ान शुरू की:** विस्तारा ने दिल्ली और टोक्यो हनेडा के बीच अपनी नॉन-स्टॉप उड़ानों का उद्घाटन किया। भारत और जापान के बीच एयर बबल समझौते के तहत, विस्तारा अपने बोइंग 787-9 ड्रीमलाइनर का उपयोग करके दोनों शहरों के बीच सप्ताह में एक बार उड़ान भरेगी।

**केरल में पर्यटन क्षेत्र के लिए दी जाएगी और अधिक छूट:** केरल ने होटल और रेस्तरां सहित पर्यटन क्षेत्र को और अधिक छूट देने की घोषणा की है। नए दिशानिर्देशों के अनुसार, स्थानीय स्वशासन (एलएसजी) क्षेत्रों को कोविड टेस्ट पॉजिटिविटी रेट (टीपीआर) के आधार पर चार श्रेणियों में विभाजित करके ये छूट दी गई है। उन क्षेत्रों में छूट दी गई है जहां औसत सकारात्मकता दर 5 प्रतिशत (श्रेणी ए) से कम है और एलएसजी जहां परीक्षण सकारात्मकता 10 प्रतिशत (श्रेणी बी) से नीचे है।

**केम्पेगौड़ा युग के 46 विरासत स्थलों को विकसित करेगा कर्नाटक:** कर्नाटक के मुख्यमंत्री बी. एस. येदियुरप्पा ने मंगलवार को निर्देश दिया कि केम्पेगौड़ा युग से संबंधित 46 विरासत स्थलों, जिन्हें तीन सर्किटों में पहचाना गया है, को पर्यटन क्षमता को ध्यान में रखते हुए विकसित किया जाना चाहिए। इस संबंध में 223 करोड़ रुपए की कार्ययोजना तैयार की गई। नाडाप्रभु केम्पेगौड़ा विकास बोर्ड की समीक्षा बैठक के दौरान, मुख्यमंत्री ने कहा कि बेंगलुरु शहरी, बेंगलुरु ग्रामीण, रामनगर, चिकबल्लापुर और तुमकुर जिलों में ऐतिहासिक स्थानों को विकसित करने के लिए एक वैचारिक योजना रिपोर्ट तैयार की गई है।



**मुद्रा अद्यतन (##)**

| मुद्रा | मूल्य ₹ |
|---|---|
| 1 USD (US$) | 74.64 |
| 1 EURO (€) | 88.21 |
| 1 GBP (£) | 103.17 |
| 1 JPY (¥) | 0.674 |
| 1 AUD (A$) | 56.08 |

(##) सभी आंकड़े लाइव मिड-मार्केट रेट हैं, जो उपभोक्ताओं के लिए उपलब्ध नहीं हैं और केवल सूचना के उद्देश्य से हैं।

**रेटिंग एजेंसी आईसीआरए की रिपोर्ट के अनुसार, घरेलू यात्री यातायात में जून में देखी गई 41% की वृद्धि:** कोविड की दूसरी लहर के कारण मई के महीने में यात्री संख्या में 60 प्रतिशत से अधिक की गिरावट के बाद, देश भर में सकारात्मक मामलों की दर में कमी के साथ घरेलू हवाई यात्रियों के आंकड़े जून के महीने में देखे गए। मई में घरेलू उड़ानों का उपयोग करने वाले 19.8 लाख यात्रियों की तुलना में, आईसीआरए के अनुसार, जून में लगभग 30 लाख लोगों ने 41 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए हवाई यात्रा की।

**चारधाम की यात्रा के लिए चलेगी विशेष पर्यटक ट्रेन:** भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन निगम लिमिटेड (आइआरसीटीसी) चारधाम की यात्रा के लिए एक विशेष पर्यटक ट्रेन चलाएगा इसके लिए यात्रियों को यात्रा करने से पहले वैक्सीन की पहली डोज अनिवार्य लगी होनी चाहिए। दिल्ली के सफदरजंग रेलवे स्टेशन से यह विशेष ट्रेन 18 सितंबर 2021 को रवाना होगी और 16 दिनों में पर्यटकों को भारत के कुछ सबसे प्रसिद्ध और प्रतिष्ठित मंदिरों तक ले जाकर उनके दर्शन कराएगी। धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए देखो अपना देश डीलक्स एसी टूरिस्ट ट्रेन द्वारा चारों धाम की यात्रा एक साथ कराने की घोषणा की है।

**मध्य रेलवे चलाएगा 72 'गणपति उत्सव' स्पेशल ट्रेनें:** मध्य रेलवे ने सोमवार को जानकारी दी कि वह गणपति उत्सव 2021 के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) / पनवेल और सावंतवाड़ी रोड / रत्नागिरी के बीच 72 विशेष ट्रेनें चलाएगा। केवल कन्फर्म टिकट वाले यात्रियों को ही इन विशेष ट्रेनों में सवार होने की अनुमति होगी, जो बोर्डिंग, यात्रा और गंतव्य पर कोविड-19 से संबंधित सभी मानदंडों, मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) का पालन करते हैं।





## "संस्कृति और पर्यटन: नए सामान्य में विकास के लिए रणनीतियाँ" विषय पर हुआ अंतर्राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन

भारतीय पर्यटन एवं यात्रा प्रबंध संस्थान (आईआईटीटीएम) के भुवनेश्वर केंद्र द्वारा मंगलवार 6 जुलाई 2021 को **"संस्कृति और पर्यटन: नए सामान्य में विकास के लिए रणनीतियाँ"** पर एक अंतर्राष्ट्रीय वेबिनार आयोजित किया गया। इस वेबिनार में प्रतिष्ठित पैनलिस्ट में उत्कल यूनिवर्सिटी ऑफ कल्चर, भुवनेश्वर के माननीय कुलपति प्रो. ब्योमकेश त्रिपाठी, वर्ल्ड टूरिज्म एसोसिएशन फॉर कल्चर एंड हेरिटेज (डब्ल्यूटीएसीएच), सिडनी के प्रेसिडेंट और सीईओ श्री क्रिस फ्लिन, और वर्ल्ड टूरिज्म एसोसिएशन फॉर कल्चर एंड हेरिटेज (डब्ल्यूटीएसीएच), लंदन के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी श्री निजेल फेल ने अपने व्यावहारिक विचार-विमर्श से वेबिनार को समृद्ध बनाया। वेबिनार की संकल्पना आईआईटीटीएम निदेशक प्रो. (डॉ.) आलोक शर्मा ने की और इस अवसर की शोभा बढ़ाई और सभी सम्मानीय पैनलिस्टों का स्वागत किया। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. आद्यशा दास (एसोसिएट प्रोफेसर, भुवनेश्वर केंद्र) ने अपने स्वागत भाषण में संस्कृति और पर्यटन वेब-टॉक श्रृंखला के बारे में विस्तार से बताया, जिसमें पर्यटन और संस्कृति के बीच मौजूद संबंधों, प्रतिनिधित्व, संघर्ष और संभावनाओं की गंभीर जांच पर ध्यान केंद्रित किया गया है। भुवनेश्वर केंद्र के प्रधान अधिकारी डॉ. एमडी. साबिर हुसैन ने वैश्विक संदर्भ में तेजी से जटिल भाषा चुनौती, जलवायु परिवर्तन की सामाजिक चुनौती और भविष्य के नेताओं के निर्माण पर प्रकाश डालते हुए वेबिनार की थीम पेश की।



जिसके उपरांत उपस्थित विशेषज्ञ वक्ता क्रिस फ्लिन ने जिम्मेदार और टिकाऊ पर्यटन प्रथाओं और नीतियों के विकास के माध्यम से दुनिया की सांस्कृतिक विरासत के अधिक संरक्षण की आवश्यकता पर एक उत्कृष्ट प्रस्तुति दी। अगले वक्ता निजेल फेल ने यह सुनिश्चित करने के लिए डब्ल्यूटीएसीएच के प्रयास को विस्तृत किया कि दुनिया के समुदायों के सांस्कृतिक मूल्यों का जश्न मनाया जाए और आने वाली पीढ़ियों के लिए इसे संरक्षित किया जा सके। वहीं प्रो. ब्योमकेश त्रिपाठी ने जोर देकर कहा कि मूर्त और अमूर्त सांस्कृतिक विरासत दोनों पर ध्यान देने की आवश्यकता है और इस बात पर हमें बहुत ध्यान देना होगा कि पर्यटन मूल्य श्रृंखला में निवेश करना कैसे अनिवार्य है। उन्होंने गंतव्यों के पुनर्निर्माण और नए दर्शकों को जोड़ने का आग्रह किया।

कार्यक्रम के समापन पर श्रीमती सरिता प्रधान (असिस्टेंट प्रोफेसर, भुवनेश्वर केंद्र) द्वारा उपस्थित विशेषज्ञ वक्ताओं व अतिथियों और सभी उपस्थित प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस कार्यक्रम में देशभर से आईआईटीटीएम के सभी केंद्रों के सदस्यों, प्रख्यात शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं, पर्यटन व्यवसायियों, संस्कृति और विरासत के प्रति उत्साही हितग्राहियों और छात्रों ने भाग लिया।